Sem-3, SE-301, By- Dr. Shyam Bihari Choudhary
Topic- Testing Device for identification in learning disable children

Camlin | Page (1)
Date 16 / 10 / 2020

2. अधिगम अक्षम बालकों की पहचान हेतु परीक्षण युक्त प्रविधियाँ

इस प्रकार की प्रविधियों मे वे सभी प्रकार के परीक्षण शामिल किए जा सकते हैं जिनका औपचारिक रूप से प्रयोग अधिगम अक्षमता के मापन हेतु वैसे ही किया जाता है जैसा कि बुद्धि परीक्षणों का बुद्धि मापन हेतु किया जाता है। सामान्यतया इस कार्य हेतु निम्न प्रकार के परीक्षणों को काम मे लाया जाता है।

(1) प्रामाणिक निदानात्मक परीक्षण Standardized Diagnostic Tests

(2) योग्यता परीक्षण या प्रक्रिया परीक्षण (Ability test or Process test

(3) उपलब्धि परीक्षण (Achievement Test)

(4) दैनिक मूल्यांकन प्रणाली (Daily Assessment Test)

1. प्रामाणिक निदानात्मक परीक्षण Standardized Diagnostic Test) :- निदानात्मक परीक्षणों द्वारा विभिन्न शैक्षिक विषयों मे बालकों के सामने आ रही अधिगम कठिनाइयों तथा अक्षमताओं का पता लगाने का प्रयत्न किया जाता है। इस प्रकार के प्रामाणिक निदानात्मक परीक्षण विद्यालय पाठ्यक्रम के लगभग सभी विषयों पर विदेशों मे ही नही अपने देश मे भी शैक्षिक अनुसंधानकर्ताओं और विषय विशेषज्ञों द्वारा उचित ढंग से तैयार किये गए हैं। इनकी मदद लेकर हम बालकों की अधिगम कठिनाइयों और अक्षमताओं के बारे मे उचित जानकारी इकट्ठी कर सकते हैं। इस परीक्षण के उदाहरण निम्न रूप से हैं